**खबर संक्षेप**

## हनुमान जन्मोत्सव की शुरू हुई तैयारी, अखंड रामायण सहित पूजन, हवन होंगे भण्डारे

**मण्डला।** हनुमान जी जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं, सभी हनुमान मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। बता दें कि 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर जगह-जगह शोभायात्रा, श्रीराम धुन, पूजन, हवन एवं भण्डारा का आयोजन किया जाएगा। आयोजनों की कड़ी में जिला जेल के सामने श्री पवन सुत दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस बार भी अखंड रामायण पाठ किया जाएगा। श्री पवन सुत हनुमान मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष किशनलाल शर्मा ने बताया कि एक अप्रैल दिन बुधवार को अखंड रामायण प्रारंभ होगी एवं 2 अप्रैल दिन गुरूवार को हवन की पूर्ण आहूति के पश्चात ढोल धमाकों, गाजे बाजे के साथ श्री हनुमान जी को चोला चढाया जावेगा एवं मंदिर में स्थापित अन्य देवताओं का श्रृंगार किया जायेगा। साथ ही माँ नर्मदा एवं सिद्ध शक्ति पीठ माँ शीतला एवं माँ शारदा को श्रृंगार अर्पित होगा। हवन आरती के बाद कन्या भोजन और भण्डारा का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

## गैस सिलेंडर पेट्रोल डीजल की कमी की कमी एवं मूल्यवृद्धि के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**भुआबिछिया।** अमेरिका और ईरान के युद्ध के फलस्वरूप मोदी सरकार की गलत विदेश नीति एवं सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं अपरिपक्वता के चलते आमजन महंगाई की मार से पहले से ही प्रभावित हैं उस पर मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के मूल्यों में वृद्धि करके एवं राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बिजली दरों में बढ़ोतरी करके जनता का जीना कठिन कर दिया है। साथ ही पेट्रोल/डीजल की उपलब्धता भी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से आमजन परेशान है। सरकार की गलत नीतियों के विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष जीतू पटवारी निर्देशानुसार कल दिनांक 31/03/26 दिन मंगलवार एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाना है। जिसमें आप समस्त मोर्चा संगठन ब्लॉक कांग्रेस, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, NSUI के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को धरना प्रदर्शन को सफल बनाने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### नगरवासियों की सेवा से अभिभूत हुये उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमावासी

# ससम्मान सेवा का अनुकरणीय उदाहरण

### व्यास नारायण मंदिर में संपन्न हुई उत्तरवाहिनी परिक्रमा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





28 मार्च की शाम जब परिक्रमा घाघा ग्राम पहुंची जहां रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई थी इस परिसर में शाम के समय परिक्रमावासियों ने थोड़ा विश्राम किया और अपनी थकान कम की इसके बाद संध्या आरती प्रारंभ हुई। माँ नर्मदा की झांकी के समक्ष हजारों की संख्या में उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमावासियों ने संगीतमय आरती की आरती के दौरान माँ रेवा की भक्ति में जमकर झूमे और आरती की। आरती के दौरान जहां नन्हीं बालिका भी माँ रेवा की आरती उतार रही थी तो वहीं 98 वर्ष की बुजुर्ग महिला भी पूरे उल्लास के साथ माँ रेवा की आरती कर रही थी यह दृश्य कभी न भूलने वाला दृश्य रहा आरती उपरांत प्रसादी वितरण हुई और फिर रात्रि का भोजन परिक्रमावासियों ने ग्रहण किया।

भोजन के पूर्व ही संध्या के समय मण्डला से लगभग 22 किलोमीटर चलकर यहां के नगरवासी परिक्रमावासियों की सेवा में कोई शीतल पेय लेकर पहुंचा तो कोई मठा लेकर आया। कोई कोई नर्मदा भक्त मण्डला से चाय बनवाकर घाघा ग्राम परिक्रमावासियों की सेवा में पहुंचे बुधवारी निवासी कमलेश सोनी एवं उनके मित्रगणों ने लगातार परिक्रमावासियों के लिये शीतल जल का प्रबंध किया। शाम से लेकर देर रात्रि तक नगरवासियों द्वारा सेवा का सिलसिला जारी रहा कोई लड्डू लेकर पहुंच रहा था तो कोई कोल्ड्रिंग्स।

29 मार्च को सुबह 03 बजे से ही परिक्रमावासी स्नान पूजन कर तट पार करने लगे इसके पीछे पिछले वर्ष का जो डर था वह काम कर रहा था चूंकि पिछले वर्ष एक ही नाव थी और परिक्रमावासी हजारों की संख्या में थे लिहाजा तट पार करने में 4 से 5 घंटे का समय लगा था और इसी डर से परिक्रमावासी सुबह से ही तट पार करने में लग गये। देखते ही देखते सुबह 5 से 6 बजे तक सभी परिक्रमावासी तट पार कर बबैहा तट पर आ चुके थे।

इस तट पर नर्मदा जी के किनारे ही मधुरम स्वीट्स और उनके सहयोगी भाईयों के द्वारा परिक्रमावासियों के लिये बाल भोग की शानदार व्यवस्था की गई थी तट पर ही गरम-गरम पोहा, जलेबी, साबूदाना के बरे, ढोकले, तले हुये चने, मीठा, फलाहारी चिप्स सहित बहुत लजीज व्यंजन परिक्रमावासियों को पेश किये गये। मधुरम स्वीट्स का पूरा परिवार यहां परिक्रमावासियों की सेवा में लगा हुआ था उनके साथ एडव्होकेट अनिल बड़ोनिया अपने भाई वीरू बड़ोनिया एवं परिवार के साथ सेवा में थे।



मण्डला में साइकिल ग्रुप है उसके भी तमाम कार्यकर्ता दिनेश दुबे एवं हेमन्त खरे के साथ व्यवस्थाओं में लगे हुये थे इन्होंने तट पार करने में न केवल परिक्रमावासियों की मदद की बल्कि कच्चे रास्ते से सड़क इन्हें सुरक्षित पहुंचाया भी।

बबैहा परिक्रमावासी आगे के लिये रवाना हुये तो बबैहा ग्राम से ही सड़क किनारे स्थानीय लोगों ने खड़े होकर न केवल परिक्रमावासियों का स्वागत किया बल्कि उनके लिये पानी से लेकर फल-फूल एवं अन्य खाद्य पदार्थ उनकी सेवा प्रस्तुत किये यहां से रूकते बैठते परिक्रमावासी धीरे-धीरे दोपहर लगभग 12 बजे राजपूत मैरिज लॉन पहुंचे जहां पर दोपहर के भोजन की व्यवस्था थी।

बबैहा से लेकर मण्डला तक लगातार गणेश बरमैया जी के द्वारा शीतल जल परिक्रमावासियों को उपलब्ध कराया जाता रहा शीतल पेय को लेकर कमलेश सोनी एवं उनके मित्रगण विभिन्न वाहनों के माध्यम से पूरे परिक्रमा पथ पर परिक्रमावासियों की सेवा में लगे रहे।

### जमकर हुआ भजन कीर्तन

राजपूत मैरिज लॉन में जब परिक्रमावासी पहुंचे तो यहां पर राजपूत मैरिज लॉन और राजपूत ढाबा के संचालक राजू भाई एवं उनका पूरा परिवार परिक्रमावासियों की सेवा में तत्पर रहा उन्होंने पूरी हॉटल के सभी कमरे एवं हॉल परिक्रमावासियों के लिये खोल रखे थे जहां पहुंचकर परिक्रमावासियों ने पहले तो हाथ मुंह धोकर विश्राम किया और फिर हॉल पर ही माँ नर्मदा की भव्य आरती की गई और उसके बाद भोजन प्रारंभ हुआ भोजन एवं फलाहार की व्यवस्था ग्यारस व्रत के चलते की गई थी जिनका व्रत था उन्होंने फल एवं फलाहर व्यंजन का सेवन किया और लॉन पर एवं हॉटल के अंदर विश्राम किया।

भोजन के बाद महिला मण्डली के द्वारा जब भजन प्रारंभ किये गये तो सभी भक्तों के साथ राजपूत परिवार भी भक्ति में लीन हो नृत्य करता रहा। यह दृश्य सभी के लिये अत्यंत ही प्रेरणादायी रहा।

लगभग 3 बजे भोजन एवं विश्राम के उपरांत यहां से परिक्रमा यात्रा आगे के लिये रवाना हुई शुभा मोटर्स के संचालक तिवारी परिवार के द्वारा परिक्रमावासियों की सेवा शीतल पेय से की गई सुबह 6 बजे से ही यह सेवा प्रारंभ थी परिक्रमावासियों को कहीं नीबू का शरबद तो कहीं जीरा जल इनके द्वारा भेंट किया जाता रहा इसके आगे भी यही सिलसिला जारी रहा। रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास नट्टू चौरसिया के द्वारा गन्ने का रस उपलब्ध कराया गया इसी तरह बुधवारी सोनी परिवार के माध्यम से छांछ, शीतल पेय आदि की व्यवस्था 2 से 3 स्थानों पर की गई शाम लगभग 5 बजे परिक्रमा यात्रा व्यास नारायण मंदिर पहुंची यहां आरती उपरांत जल अर्पण कर भक्तों ने अपनी परिक्रमा पूर्ण की।

## सच्चे मन से हनुमान जी को याद करें तो सभी संकट दूर हो जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



बम्हनीबंजर के बस स्टेण्ड के पास स्थित हनमान जी मंदिर परिसर में हनुमंत कथा का आयोजन किया जा रहा है, आयोजन की शुरूआत 28 मार्च से हुई है जो 1 अप्रैल तक चलेगी। वहीं 2 अप्रैल को यहां हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा, इस अवसर पर पूजन, हवन एवं भण्डारा का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को तीसरे दिन की कथावाचक पं. योगेश कुमार शुक्ला ने बताया कि अहंकार इंसान को पत्थर बना देता है, जबकि विनम्रता उस पत्थर को भी मुस्कुराना सिखा देती है। कथा व्यास आचार्य योगेश शुक्ला ने हनुमान जी की गुरु भक्ति के प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सेवा ही परम धर्म है, और हनुमान जी का संपूर्ण जीवन भगवान राम की सेवा को समर्पित रहा। महाराज ने वर्तमान समय में मनुष्यों को हनुमान जी से निःस्वार्थ सेवा की सीख लेने का आह्वान किया। कथा वाचक ने समझाया कि अपार शक्ति के बावजूद हनुमान जी में तनिक भी अहंकार नहीं था। उन्होंने स्वयं को सदैव प्रभु का दास ही माना। उन्होंने यह भी कहा कि जब कोई भक्त सच्चे मन से हनुमान जी को याद करता है, तो उसके जीवन के सभी संकट दूर हो जाते हैं। कहा कि हनुमान चालीसा केवल स्तुति ग्रंथ नहीं बल्कि मानव जीवन के नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का सार है। यदि मनुष्य इसे अपने आचरण में उतारे तो जीवन में निश्चित रूप से कल्याण होता है। कथा के दौरान श्रीराम और हनुमान जी की भक्ति से जुड़े भजन गाए गए, जिसमें श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए।



### मंडला में नवांकुर संस्था द्वारा जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना

**मण्डला।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में विकासखंड मंडला में नवांकुर संस्था प्रवाहिनी समिति, सेक्टर क्रमांक 4 द्वारा "जल शक्ति से नवभक्ति" अभियान के अंतर्गत जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना की गई। इस अवसर पर नवांकुर संस्था की प्रभारी श्रीमती पुष्पा जोशी, कोषाध्यक्ष श्रीमती अनीता तिवारी, सह सचिव श्रीमती अर्चना मिश्रा तथा सदस्य रूपा, अनिता, वर्षा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस पहल का उद्देश्य आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

## भाजपा के स्थापना दिवस और प्रशिक्षण वर्ग संबंधी बैठक हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी के आगामी स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन सभी मंडल, जिला और प्रदेश स्तर पर होना है और वर्तमान में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को संगठन के विभिन्न विषयों में प्रशिक्षित करने हेतु पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 भी चल रहा है अभी तक मंडला जिले के दो मंडलों अंजनिया और पदमी में प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्ण संपन्न हो चुके हैं जिसमें कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मंडला में दिनांक 30.03.2026 को भारतीय जनता पार्टी के आगामी स्थापना दिवस कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण वर्ग के निमित्त जिला कार्यालय में बैठक संपन्न हुई।



बैठक में जिला अध्यक्ष भाजपा प्रफुल्ल मिश्रा द्वारा उक्त महत्वपूर्ण कार्यक्रमों से संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला उपाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, जयदत्त झा, राजेश जैन, महेंद्र राठौर, महेंद्र पटेल,मंजू कछवाहा,जिला महामंत्री संतोष रजक, नरेश चंद्रोल, जिला मंत्री शशिकांत श्रीवास्तव, जोरावर सिंह, कौशल्या मरावी, कृष्णा पंजवानी, देवेन्द्र झा, जिला कार्यालय मंत्री थामन बरमैया मंडला नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर परिषद बिछिया अध्यक्ष मीना हरदहा, रजनी मरावी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शोभित रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विषयों में चर्चा हुई।

## रम्मू सिंह मरावी की विदाई समारोह



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत जनपद में खंड अधिकारी श्री मरावी का रिटायरमेंट 30 मार्च को जनपद सभा कक्ष में एक समारोह के दौरान विदाई की गई जिसमें समस्त सरपंच सचिन रोजगार सहायक मोबाइलजर पी सी ओ एवं जनपद पंचायत नारायणगंज के समस्त स्टाफ द्वारा रम्मू सिंह मरावी सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह किया गया जिसमें श्री मरावी के परिवार के सभी सदस्य एवं उनके रिश्तेदारों की उपस्थिति रही कार्यक्रम में सर्वप्रथम सरस्वती माँ का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीय उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा एवं श्री मरावी के बड़े भाई मल्लू सिंह मरावी वरिष्ठ समाजसेवी मगनलाल सोनी की उपस्थिति रही तहसीलदार संगम पटले एवं सभी जनपद सदस्यों इस कार्यक्रम में पहुंचे और विगत वर्षों से लगातार अपने कर्तव्य का पालन करते हुए श्री मरावी द्वारा समस्त जनपद पंचायत नारायणगंज के कर्मचारी एवं सरपंच सचिव रोजगारों को कुशल मार्गदर्शन दिया जिसके कारण लोगों ने आज उनकी भावहीन विदाई की लोगों को उनसे कई प्रकार की प्रेरणा मिली एवं ऐसे कई कर्मचारी हैं जिनका उन्होंने अपने मार्गदर्शन में देकर उनके कार्यकाल में सहयोग रहा श्री मरावी के कार्यकाल में किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं की गई और बड़ी से बड़ी चुनौतियां पूर्ण कर जनपद के हित में उन्होंने अपना समय दिया उनके काय शैली से बहुत से लोग प्रभावित होते हैं एवं उनके सेवानिवृत्ति के बाद आने वाले समय में अपने घर परिवार में एवं सामाजिक कार्यक्रम में उनके लिए मंगलमय कामना की वह हमेशा स्वस्थ रहें एवं हमेशा इसी तरह सभी का सहयोग बनाए रखें मरावी जी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि विदाई के बाद भी हम जनपद से जुड़े रहेंगे और कर्मचारियों का मार्गदर्शन देते रहेंगे सभी नाम उनके मंगलमय जीवन एवं स्वस्थ रहें इन सब की कामनाओं के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**जागरूकता** | भूमि अधिग्रहण से संबंधित सभी बिन्दुओं पर विस्तार से दी गई जानकारी।

# राजमार्ग 543 के लिए भूमि अधिग्रहण पर जागरूकता अभियान





### राजस्व एवं निर्माण एजेंसी के अधिकारी रहे मौजूद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अनुभाग नैनपुर अंतर्गत प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 543 के निर्माण के लिए अधिग्रहित की जा रही भूमि के संबंध में कृषकों एवं ग्रामवासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया गया। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 23 मार्च को ग्राम कजरवाड़ा, जेहरमऊ, अमझर चक, सर्री, अमझर जर एवं चिरईडोंगरी जर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसी प्रकार 24 मार्च को सांगवा, अतरिया, गोंझी, उमरिया, धनौरा एवं इटका ग्राम तथा 25 मार्च को धतूरा, डीलवाड़ा माल, जामगांव, अलीपुर, रामपुरी एवं ईश्वरपुर ग्रामों में शिविर आयोजित किए गए।

उक्त शिविरों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर सहित राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर भूमि अधिग्रहण से संबंधित समस्त बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

शिविरों के दौरान कृषकों को बताया गया कि प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग 543 का एलाइनमेंट किन-किन ग्रामों एवं भूमि खंडों से होकर गुजर रहा है तथा उनकी कितनी भूमि अधिग्रहित की जा रही है। साथ ही कलेक्टर गाइडलाइन के आधार पर निर्धारित मुआवजा राशि, अधिग्रहित परिसंपत्तियों का मूल्यांकन, ब्याज सहित कुल solatium राशि तथा पारित अवार्ड की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि यदि कोई हितग्राही पारित अवार्ड अथवा मुआवजा राशि से असंतुष्ट है, तो वह नियमानुसार कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के न्यायालय में आर्बिट्रेशन के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। इस संबंध में आवश्यक प्रक्रिया एवं अधिकारों की जानकारी भी विस्तार से समझाई गई।

शिविरों के दौरान राजस्व नक्शों के माध्यम से प्रस्तावित मार्ग का स्पष्ट प्रदर्शन कर उसके प्रभाव क्षेत्र की जानकारी दी गई, जिससे ग्रामवासियों को योजना की समुचित समझ विकसित हुई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा अपने प्रश्न एवं सुझाव भी साझा किए गए, जिनका समाधान मौके पर ही किया गया।

प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि भूमि अधिग्रहण की संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी, विधिसम्मत एवं कृषक हितैषी हो तथा प्रभावितों को समयबद्ध रूप से उचित मुआवजा प्रदान किया जा सके, ताकि समयावधि में विकास कार्यों के लिए भूमि का अधिग्रहण कर विकास परियोजनाओं को प्रारंभ किया जा सके।

## महावीर जयंती जन्म कल्याणक महोत्सव बहुत धूपधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कल महावीर जयंती के विक्रम संवत 2552 पर श्री महावीर भगवान का 2625 वां जन्म कल्याणक महा महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। प्रातः सुबह 8:30 बजे से श्री जी की शोभायात्रा पूरे नगर में निकली गई साथ ही श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर जी के सामने नृत्य प्रस्तुत किया गया। कबीर चौक उदय चौक होते हुए श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर वापस आया। दोपहर में 3 बजे श्री महावीर स्वामी जी का महा मस्ताभिषेक शांतिधारा की गई। रात्रि में पडाव जैन मंदिर के नीचे भव्य महा आरती और भजन संध्या का कार्यक्रम संपन्न हुआ । इसमें सभी कमेंटियों ने जैन समाज के सभी व्यक्तियों ने महिला पुरुष ने बढ चढकर भाग लिया जगह जगह आरती स्वागत अभिनंदन किया गया। बच्चों के ज्ञान दान पाठशाला के लिए भी सहयोग राशि प्राप्त हुई है।



**खबर संक्षेप**

## शासन की जननी योजना हुई फेल ग्रामीण अंचलों मे नही मिल रहा इसका लाभ

**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** शासन द्वारा जच्चा बच्चा की रक्षा की मंशा को ध्यान में रखते हुए कुछ वर्ष पहले शासकीय अस्पताल मे सुरक्षित प्रसव कराने के लिए ग्रामीण अंचलों की गर्भवती महिलाओं को शासकीय अस्पताल तक निःशुल्क पहुंचाने हेतु जननी एक्सप्रेस योजना लागू की गई है, लेकिन यह योजना अब ग्रामीण क्षेत्र मे दम तोड़ती नजर आ रही है? क्योकि जिला एवं तहसील अस्पताल मे दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से प्रसव कराने पहुंच रही अधिकांश महिलाओं मोटी रकम देकर स्वयं के खर्चे वाहन की व्यवस्था करना पड़ता है। हितग्रहियों की हमेशा यही शिकायत रहती है कि बार बार जननी एक्सप्रेस को फोन लगाने पर या फोन उठाया ही नही जाता या अगर उठाया भी जाता है कि वाहन कही और दूसरी गर्भवती महिला को लाने गया है का बहाना बताया जाता है, इस तरह से मजबूरी मे लोगों को निजी वाहन करके अस्पताल आना पड़ता है। नही हुए सार्थक प्रयास-प्राप्त जानकारी के अनुसार गाडरवारा तहसील स्तर की शासकीय अस्पाताल होने के कारण इस क्षेत्र में तीनो ब्लाक सांईखेड़ा, चावरपाठा व चीचली आते है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यदि कोई व्यक्ति भौरझिर, घघरोला, पटना, सूरना, करहैया से गाडरवारा जाने के लिए इस जननी एक्सप्रेस का लाभ लेना चाहता है तो उसे कह दिया जाता है कि उसे गाडरवारा से यह सुविधा मिलना मुश्किल है, इस स्थिति में उसे निजी वाहन का उपयोग करना पड़ता है, तो सरकार की इस योजना का क्या लाभ जब गांव के लोगों को इसका फायदा नही मिल पा रहा है तो? गरीबी मे आटा गीला-कुछ ग्रामीणों से पूछने पर उन्होने बताया कि उनसे ड्रायवरों द्वारा भी अलग से राशि की मांग की जाती है। वही जैसे तैसे उनके द्वारा अधिक राशि मे एबूलेंस की व्यवस्था की जाती है और उस पर एक चोट अलग से लग जाती है। जिससे उनके सामने गरीबी मे भी आटा गीला करने वाली बात बन जाती है।

## सरकारी बैकों में दलालों का राज, ग्रामीणों का नही होता बगैर पैसो का काज

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण कस्बे में निवास करने वाले किसानों के लिए अनेक प्रकार की योजनाए चलाई जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से किसान क्रिडिट कार्ड, फसल बीमा योजना आदि शामिल है, किसानों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की शाखाएं खोली गई है। मगर अक्सर देखा जाता है कि इन बैकों में बैठे अधिकारियों की मनमानी के चलते किसानों को शासन की योजनाओं का सही लाभ नही मिल पा रहा है, इसका उदाहरण इस समय शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंक में आसानी से देखा जा सकता है, जिसको लेकर क्षेत्र के किसानों द्वारा आरोप लगाते हुए बताया है कि इन बैकों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के किसान बैंक के चक्कर लगाने पर मजबूर हो रहे है? क्षेत्र के कुछ किसानों ने हमारी हरिभूमि टीम से चर्चा करते हुए बताया कि इन दिनो क्षेत्र की बैंकों में कुछ दलाल काम कराने की दिशा में सक्रिय है। वही किसान अपना किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिये परेशान होते देखे जा रहे है, जिसमे क्षेत्र के कुछ ग्रामीण किसान जो कि खेती किसानी कर अपनी जीविका चलाते आ रहे है, वही किसान क्रेडिट कार्ड को बनवाने के लिए गांव से चलकर शहर पहुंचता है तो अधिकारियों द्वारा उसे कार्ड बनबाने के लिए सीधे दलालों के पास जाने की सलाह दे देते है? जब वह उनके पास पहुचता है तो सीधे 10 से लेकर 20 प्रतिशत राशि की बात पर ही कार्ड बनाने की बात कही जाती है? इस स्थिति में जब किसान अधिकारियों से चर्चा करते है तो बैकों अधिकारियों द्वारा उस किसान को महिनों तक घुमा घुमाकर परेशान कर दिया जाता है, इस स्थिति में या तो किसान अपना कार्ड बनबात ही नही है या फिर उसे मजबूरी में बैकों द्वारा पाले गये दलालों की शरण में ही जाना पड़ता है?

# महाविद्यालय की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर अवैध अतिक्रमण व ट्रक चालकों का कब्जा होने के चलते आमजन की जिन्दगी खतरे में







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

जब कोई बड़ी घटना जन्म ले लेती है तो उस घटना को लेकर अधिकारियों से लेकर नेताओं द्वारा भी मौके पर पहुंचकर दुख प्रकट करने से नही चूकते है तथा घटना के कारणों की जांच का आदेश देते हुये दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के लिये बड़े बडे बादे करना शुरू कर देते है..? मगर समय रहते हुये इस तरह की घटनाओं को रोकने के प्रयास शायद ही किसी के द्वारा करते हुये देखा गया हो.. । कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के वायपास मार्ग यानि की शांतिदूत तिरहा से लेकर रिलाइंस पेट्रोल पंप वाले मार्ग पर दिखाई देने से नही चूक रही है..? क्योंकि यह मार्ग जहां राष्ट्रीय स्तर का होने के कारण यहां से दिन भर लम्बी दूरी के बड़े बड़े वाहनों का निकलना तो लगा ही रहता है तो दूसरी ओर क्षेत्र के किसानों द्वारा भी अपना अनाज लेकर ट्रेक्टर ट्राली लेकर इसी मार्ग से निकलते है। इतना ही नही इसी मार्ग पर यानि की राष्ट्रीय स्तर के मार्ग के ठीक किनारे पर नगर का महाविद्यालय सहित अन्य प्रकार के शासकीय भवन होने के कारण महाविद्यालय के छात्र छात्राओं सहित प्रतिदिन हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है। मगर इस मार्ग के दोनों और अवैध रूप से फैले हुये अतिक्रमण के बाद ट्रक चालको के कब्जा रहने के कारण आम लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा होने से नही चूक रहा है। वही रही सही कसर शाम के समय शराब खोरी करने वाले पूरी करने से नही चूकते है। यदि शाम के वक्त की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो हाल यह बना हुआ दिखाई देता है कि यह मुख्य मार्ग नही बल्कि सड़क पूर्णरूप से अहाते के समान प्रतीत होते हुये नजर आती है। क्योंकि यहां पर स्थित शराब ठेके के चलते लोगों द्वारा शराब पीने के लिये इस मुख्य मार्ग को ही अपना सबसे सुरक्षित स्थान मान लिया गया है। इस स्थिति में यहां से निकलने वाले वाहनों के साथ एमपीईबी कालोनी में निवास करने वाले लोगों को जहां रात के समय निकलना मुश्किल होने से नही चूक पा रहा है। वही दूसरी ओर दिन के समय ट्रको का कब्जा होने के कारण आम लोगों की जिन्दगी खतरे से खाली नही बच पा रही है..? इस मार्ग पर बीते हुये लम्बे समय से मुख्य सड़क के दोनों ओर भारी भरकम ट्रकों की दिन रात जिस तरह लाईन लगी हुई देखी जा रही है उसके चलते इस मार्ग की यातायात व्यवस्था तो प्रभावित होते देखी ही जा रही है साथ ही साथ किसी बड़ी घटना को आमंत्रण देते हुये भी जान पड़ रहा है..? मगर हैरत की बात यह है कि यहां से जहां प्रतिदिन इस मार्ग से तहसील स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों का निकलना हो रहा है तो दूसरी ओर क्षेत्र के जिम्मेदार नेता भी दिन में एक न एक बार यहां से जरूर निकलते हुये देखे जाते है। मगर इसके बाद भी किसी के भी द्वारा इस तरह सड़क के दोनों ओर लम्बी लाईन में खड़े होने वाले इन ट्रकों को लेकर कोई आवाज उठाना तक उचित नही समझा जा रहा है। जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह मार्ग वैसे भी अति संबेदन शील माना जाता है। क्योंकि यहां पर आये दिन घटनाये घटित होना आम बात बन चुकी है जहां पर पूर्व में घटित हुई सड़क दुर्घटनाओं के चलते दर्जनों लोगों ने अपनी जिन्दगी गवा चुके है । मगर इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस सच्चाई को देखते हुये जिस तरह चुप्पी साधी जा रही है उससे यह जान पड़ रहा है कि शायद अधिकारी है कोई बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हो...? बताया जाता है कि शांतिदूत तिरहा से लेकर शक्कर नदी पुल तक का यह मार्ग तिरछा होने के कारण जब यहां से वाहन निकलते है तो दूसरी ओर से आने वाले वाहन चालक को दिखाई ही नही देता है तो दूसरी ओर ठीक महा विद्यालय के समीप इस मार्ग पर घाट होने की स्थिति में यहां से गुजरने वाले वाहनों की गति अपने आप ही तेज हो जाती है जिसके चलते यदि कोई व्यक्ति अचानक मुख्य मार्ग पर आ जाता है तो वाहन चालक को अपना वाहन कन्ट्रोल करना नामुकिन हो जाता है? वही दूसरी ओर इस मार्ग के दोनों ओर पहले से ही फैला हुआ अतिक्रमण जहां यातायात के लिये बाधक बना हुआ था। मगर अब इस मार्ग के दोनों ओर लगने वाली भारी भरकम ट्रकों की लाईन निश्चित तौर से बड़ी घटना को आमंत्रण देने के लिये आग में घी डालने का काम करने के समान प्रतीत होने से नही चूक पा रही है? क्योंकि इस समय नगर के महाविद्यालय में कुछ दिवस के उपरांत शुरू होने जा रही वार्षिक परीक्षाओं के चलते प्रतिदिन छात्र छात्राओं के आने जाने का सिलशिले में इजाफा हो रहा है तो दूसरी ओर इस मार्ग पर खड़े होने वाले ट्रक निश्चित तौर से महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की जिन्दगी के साथ आम लोगों के लिये भी एक बड़े खतरे की घंटी बजाने से नही चूक रहे है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो सड़क के दोनों ओर लम्बी लाईन में खड़े हुये इन ट्रकों के बीच से जब कोई छात्र छात्रा महाविद्यालय के मुख्य द्वार से अपनी स्कूटी या फिर बाइक लेकर मुख्य मार्ग पर पहुंचते है तो उन्हें सामने से आने वाला वाहन नजर ही नही आता है। वही दूसरी ओर महाविद्यालय का मुख्य द्वार ठीक घाट पर होने के कारण गाडरवारा से करेली की ओर जाने वाले वाहन की गति अपने आप ही तेज रहती है इस स्थिति में महाविद्यालय से निकलने वाला छात्र जब सड़क पर पहुंचता है और जब इस मार्ग से निकलने वाले वाहन चालक को वह नजर आता है तो घाट होने के कारण उसे अपना वाहन कन्ट्रोल करना असंभव हो सकता है जिसके चलते बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है...? इसी बात को लेकर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के अभिभावकों द्वारा क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों वे नेताओं से मांग की जा रही है कि समय रहते हुये शांतिदूत तिरहा से लेकर रिलाइंस पेट्रोल पंप तक सड़क के दोनों ओर लम्बी लाईन में खड़े होने वाले इन ट्रकों पर रोक लगाई जावे जिससे कोई बड़ी घटना घटित होने से रोका जा सके।



## प्रतिबंध के बाद भी खेतों में धड़ल्ले से जलाई जा रहा रही नरबाई, पर्यावरण को पहुंच रही क्षति

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** किसानों द्वारा अपने खेतों से फसल काटने के उपरांत शेष रहने वाले नरवाई में आग लगाते हुये उसे साफ करने का जो रवैया चल रहा है वह निश्चित तौर से पर्यावरण के लिये क्षति पहुंचाने से नही चूक रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये बीते हुये माह जिला कलेक्टर दंड अधिकारी द्वारा संपूर्ण जिले में किसानों को खेतों में फसल के बाद शेष बचने वाले नरबाई को जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। मगर प्रतिबंध के बाबजूद भी जिस प्रकार से क्षेत्र के किसानों द्वारा अपने खेतों में धान फसल की नरबाई को धड़ल्ले से जलाते हुये देखा जा रहा है उससे यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शायद जिला दंड अधिकारी का आदेश मात्र कागजों तक ही सीमित होकर रहे गया है? जबकि आदेश की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस कृत्य को रोकने के लिये क्षेत्र के राजस्व विभाग से लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों सहित पुलिस प्रशासन को नजर रखने के आदेश जारी किये गये थें। मगर इन विभागों के अधिकारियों द्वारा की जाने वाले अनदेखी व उदासीनता का परिणाम है कि क्षेत्र के किसानों द्वारा अपनी धान फसल को काटने के बाद खेतों को साफ करने के लिये पलारीनुमा धान की नरबाई को धड़ल्ले से जलाते हुये पर्यावरण को क्षति पहुंचाने से नही चूक रहे है।

# श्री विष्णु महायज्ञ के माध्यम से इमालिया में बह रही धर्म के बीच फैल रही भक्तिरस की गंगा, कुसंगति से दूर रहे युवा पीढ़ी - विपिन बिहारी







**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।**

क्षेत्र के चीचली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम इमलिया ( कल्याणपुर ) में श्री रामाश्रित सत्संग सभा के तत्वावधान में आयोजित किये जा रहे 57 वे श्री विष्णु महायज्ञ एवं रामचरित मानस सम्मेलन में जिस तरह भक्ति रस की गंगा बहते हुये देखी जा रही है उसमें गोता लगाने के लिये मानो लोगों में होड से लगी हुई है। इस तरह उमड़ रहे जन सैलाब के बीच ग्राम इमालिया ने महाकुंभ का रूप धारण कर लिया गया है। गांव के अंतर हाल इस तरह देखा जा रहा है कि जहां लोगों ने अपने घरों को तोरण व झंडियों से सजाते हुये राम नगरी आयोध्या का रूप दे डाला है। वही ग्रामवासियों से इस महायज्ञ में शामिल होने के लिये अपने नाते रिस्तेदारों को आमंत्रण करके बुलाया गया है। हर घर में मेहमानों का डेरा होने के कारण पूरे गांव में पकी पकवानों की खुशबू गांव में प्रवेश करने वाले स्वागत गेट से ही अतिथियों के मनको प्रफुल्लित करने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर संतो की धर्मवाणी की गूंज चारों ओर फैलने के कारण संपूर्ण क्षेत्र धर्ममय होते हुये प्रतीत हो रहा है। इस तरह देखा जावे तो ग्राम इमालिया व कल्याणपुर क्षेत्र में यज्ञ के आयोजन से गांव का पूरा माहौल भगवान की भक्ति में लीन दिखाई दे रहा है । प्रतिदिन बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण इलाकों से अनेक क्षेत्रीय श्रद्धालु यज्ञ शाला की परिक्रमा लगाने एवं प्रवचनों को सुनने ग्राम इमलिया पहुँच रहे है। उल्लेखनीय है कि 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले इस यज्ञ में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे एवं रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम होते है। बीते हुये रविवार को प्रवचन में विपिन बिहारी महाराज ने अपने ठेठ देहाती बुंदेली भाषा में मनोरम भगवान की कथा सुनाते हुये कहा कि दो चीज अपने वाले ही देते हैं दाग एवं दगा। हमें अच्छे लोगों से संगति करना चाहिए एवं बुरी संगत वालों से कोसों दूर रहना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मानव जीवन 84 करोड़ योनियों के बाद प्राप्त होता है। अतः इसको ऐसे ही नई गवां देना चाहिए बल्कि बार-बार ईश्वर का स्मरण एवं भजन करना चाहिए। साथ ही अपने माता-पिता एवं सास ससुर का सम्मान करना चाहिए। हमें सदैव जीवन उपार्जन श्रम एवं मेहनत ईमानदारी के धन से करना चाहिए। हमारी प्रकृति नियंत्रक है वह सदैव संतुलन बनाकर रखती है। जैसा हम कर्म करेंगे वह लौटकर पुनः अपने पास आएगा। रामचरितमानस के सीता स्वयंवर प्रसंग की मार्मिक चर्चा की करते हुये लोगों को हसने के लिये मजबूर कर दिया। अपने दिव्यवाणी से बोलते हुये कहा कि वर्तमान में युवा पीढ़ी को अपने कर्तव्य पद पर अग्रसर होने की सीख देवे। इस दौरान उन्होंने युवाओं को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें व्यसनो से दूर रहना चाहिए। क्योंकि हर व्यक्ति की युवा अवस्था कच्चे घडे की समान होती है उसे जैसा बनाते हुये वह उसी तरह बनकर रहे जाती है।

# सड़कों पर धडल्ले से नाबालिग किशोर दौड़ा रहे है वाहन, वाहन चैकिंग के नाम पर जारी होने वाले आदेश हो जाते है दर किनार



**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।**

शहर में बढ़ती वाहनों की संख्या और तेज गति से वाहनों का सड़कों पर दोड़ना वैसें ही दुर्घटनाओं का आमंत्रण देते दिखाई दे रहा है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर की सड़कों पर जिस प्रकार से नाबांलिग किशोरों को दो पहिया वाहन दौड़ाते हुए देखा जाता है उससे उनकी जान को तो खतरा बन ही रहा है साथ ही साथ दूसरों की जान को भी खतरा पैदा करते हुए देखा जा रहे है? जिसमे प्रमुख रूप से देखा जावे तो कम उम्र के बच्चों द्वारा दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहन चलाना दूसरो के लिए खतरा बना हुआ है। क्योंकि इस समय नगर में देखा जावे तो अनेक जगहों पर 12 वर्ष सें लेकर 16 वर्ष की आयु वालें सैकड़ों किशोर व किशारियाँ वाहन चलाते हुये आसानी से दिखाई दे जाते है। इसे अभिभावक का बच्चों के प्रति लगाव कहे या भौमिकवाद की दौड़ में दिखावा जो बिना लाईसेंस के वाहन चला रहे कम उम्र के बालक बालिका नासमझी में हादसें का शिकार हो सकते है साथ ही साथ इनकी नादानी से दूसरों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ सकती है? इसी बात को लेकर आये दिन पुलिस मुख्यालय भोपाल से आदेश जारी होता है कि पुलिस द्वारा इस प्रकार से वाहन चालकों के खिलाफ चैकिंग करते हुए सख्त कार्यवाही करे। मगर उसे आदेश का कही भी पालन होते हुए दिखाई नही देता है जिसका परिणाम यह सामने आने से नही चूकता है कि जिस प्रकार से सड़क दुर्घटनाएं घटित होती है उनमें अधिकांश मामलों में नाबालिंगों द्वारा वाहन दौड़ाने की सच्चाई सामने आने से नही चूकते है..? कुछ इस प्रकार से इन दिनों भी पुलिस द्वारा मा. उच्च न्यायालय के आदेश पर वाहन चैकिग अभियान तो चलाया जा रहा है। मगर वह अभियान मात्र हेलमेंट तक सीमित रहना चर्चा का विषय बनाने के साथ पुलिस द्वारा इसमें भी निभाई जा रही औपचारिकता सबाल खड़े करने से नही चूक रही है..? इस प्रकार से देखा जावे तो शायद पुलिस मुख्यालय से जारी होने वाले आदेशों का पालन करना स्थानीय अधिकारियों द्वारा कोई जरूरी नही समझा जाता है, जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी खतरे में दिखाई दे रही है और वाहन चालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू नजर आ रहे है। क्योंकि जिस प्रकार से नगर की सड़को पर कम उम्र के बच्चों को वाहन दौड़ाते हुए देखा जा रहा है वह पुलिस प्रशासन की उदासीनता या फिर अनदेखी का खुला प्रमाण देते हुए जान पड़ रहे है। क्योंकि इस प्रकार से छोटे बच्चों को वाहन दौड़ाते हुए समय आगे निकलनें की होड़ रहती है जिसके चलते वह सड़कों पर अपने वाहन चलाते हुए एक दूसरें से आगे निकलने के लिए रेस लगाते है साथ ही बाइक की गति और सड़को पर अनोखे करतबो का प्रदर्शन करते हुए भीड़ भरी सड़को पर आसानी से देखे जाते है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो शाम होतें ही नगर की सड़कों पर कई किशोर जिनकी उम्र की बात तो दूर जिस वाहन पर बैठे हुए होते है उनका उसके ब्रेकों तक पैर तक नही पहुंच पाते मगर इसके बाद भी उसे नगर की सड़कों पर जिस प्रकार से वाहन चलाको की धमाचौकड़ी शुरू होती है वह देर रात तक जारी रहने से लोगों का सड़को पर निकलना मुश्किल हो जाता है। इतना ही नही यह लोग नगर कें प्रमुख मार्गो पर हार्न बजातें हुए और तेज गति से वाहन दौड़ातें हुए रोजाना देखे जा सकते है कई मौको पर तो ये किसी दुर्घटना का शिकार होते हाते बच जाते है? मगर इस ओर न तो प्रशासन ध्यान दे रहा है और नही उनके अभिभावक जिसके चलते वाहन दौड़ाने वाले बच्चों के साथ साथ दूसरों की जिन्दगी के लिए भी खतरा पैदा होते हुए जान पड़ रहा है?

# सड़क सोल्डरों में नही किया जा रहा सुधार आये दिन घटित हो रही घटनाएं



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि सड़को पर बढ़ रहे यातायात के चलते आये दिन दुर्घटनाएं घटित होना आम बात है, और यदि सड़को में गड़बडी हो तो निश्चित तौर से घटनाओं में इजाफा होना आम बात मानी जाती है। कुछ इसी प्रकार की स्थिति इस समय गाडरवारा कौड़ियि मार्ग पर देखने मिल रही है, जहां पर वाहनों का आवागमन निरंतर बना रहता है इस सड़क मार्ग के दोनों तरफ के सोल्डर जमीन से ऊंचे हो गये है एवं सोल्डर के बाजू में बड़े बड़े पत्थर पड़े रहते है साथ ही गड्ढे भी बन गऐ है, सड़क सोल्डर परेशानी का सबब बन गए है। वाहन क्रासिंग के समय इन सोल्डरों के कारण वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं छोटे वाहन चालक साइड देने के चक्कर में अपने वाहन सड़क से नीचे उतार लेते है जब वह सड़क पर अपने वाहन चढ़ाते है तो सोल्डर और गड्ढो के कारण उन्हे दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है, पौड़ार तिरहा से लेकर गाडरवारा तक सड़क के दोनों ओर बड़ी बेकार स्थिति बनी हुई है जिसके कारण आये दिन सोल्डरो से कोई न कोई दुर्घटना होती है, सड़क निर्माण के साथ सोल्डर के बाजू की सतह सड़क से मिलायी जाती है जिससे की वाहन आसानी से सड़क से नीचे उतर कर पुनः सड़क पर आसानी से पहुंच सके। लेकिन इस मार्ग पर सोल्डरो को बाजू की सतह से नहीं मिलाया गया है जबकि निर्माण एजेंसी की जबाबदारी होती है कि वह सड़क से दोनों ओर सोल्डरों के बाजू में मिट्टी का पुराव कर उसे समतल करे लेकिन संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा इस कार्य पर ध्यान नहीं दिया गया जिसके चलते इतनी विकराल समस्या यहां पर खड़ी हो गई है, शीघ्र ही इस समस्या का हल किया जाये ताकि वाहन चालको को जो परेशानी हो रही है। उससे निजात मिल सके।

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob. : 903 9230 199, 722 4021 199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

## खबर संक्षेप

### एक्साइज कटौती या कॉर्पोरेट राहत? जनता को राहत नहीं, उद्योगपतियों को फायदा-वरुण चटर्जी



**अनूपपुर।** पेट्रोल-डीजल पर केंद्र सरकार द्वारा की गई एक्साइज ड्यूटी में कटौती को लेकर जिला राजनीति में तीखी बहस छिड़ गई है। भगवा पार्टी के जिला महामंत्री वरुण चटर्जी ने इस फैसले पर सीधा हमला बोलते हुए इसे “जनता के नाम पर उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने वाली नीति” करार दिया है। चटर्जी ने आरोप लगाया कि सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कटौती का ढोल तो पीटा, लेकिन इसका वास्तविक लाभ आम जनता तक नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि अगर यह निर्णय सच में जनहित में होता, तो पेट्रोल और डीजल की कीमतों में स्पष्ट गिरावट दिखाई देती, जिससे आम आदमी को राहत मिलती। उन्होंने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि “जब आम नागरिक महंगाई की दोहरी मार झेल रहा है, तब राहत के नाम पर ऐसे फैसले केवल दिखावा साबित हो रहे हैं। यह सीधे तौर पर जनता के साथ विश्वासघात है। चटर्जी ने यह भी कहा कि इस निर्णय का राजनीतिक असर गहरा होगा, क्योंकि जनता अब केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि जमीन पर दिखने वाले परिणामों से संतुष्ट होती है। यदि राहत का फायदा लोगों तक नहीं पहुंचेगा, तो असंतोष बढ़ना तय है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि एक्साइज ड्यूटी में कटौती के वास्तविक प्रभाव को सार्वजनिक किया जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि इसका लाभ आखिर किसे मिल रहा है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में ऐसे फैसलों का सीधा फायदा आम उपभोक्ताओं तक पहुंचे। इस बयान के बाद जिले के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। जानकारों का मानना है कि पेट्रोल-डीजल और महंगाई का मुद्दा आने वाले समय में जनता से जुड़ा बड़ा राजनीतिक विषय बन सकता है, जिस पर सियासत और भी गरमा सकती है।

### आनंद त्रिपाठी रामपुर का निधन

**अनूपपुर।** प्राप्त जानकारी अनुसार रामपुर निवासी आनंद त्रिपाठी किसान नेता एवं कॉपरेटिव सोसायटी में विभिन्न पदों में रहे हर समय किसानों के लिए संघर्ष करने वाले लंबी बीमारी के कारण 30 मार्च को रामकृष्ण मेमोरियल हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली वह अपने पीछे पत्नी लक्ष्मी त्रिपाठी, भाई दिनकर त्रिपाठी एवं मां और बहनों भतीजे जिसे बेटा के रूप में पाला भरा पूरा परिवार को रोता बिलखता छोड़ कर चले गए। उनके चाहने वालों में मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा, गणेश शर्मा, दिनेश शुक्ला, जनपद सदस्य चंद्रकुमार तिवारी, ओम प्रकाश द्विवेदी पत्रकार, रमेश सिंह पूर्व एसडीएम, सांसद प्रतिनिधि राजकमल मिश्रा, किसान नेता आदित्य त्रिपाठी, सरपंच, उप सरपंच, सदस्य जिला पंचायत श्रीमती शांति मनमोहन चौधरी, इंटक नेता नागेश शर्मा, अखिलेश त्रिपाठी, राजबहोर चंद्रा, सोहागपुर धनपुरी एरिया बीटीसी श्रीप्रकाश पटले, गोविंद सिंघल, दिलीप तिवारी, जितेंद्र सिंह परस्ते, सृष्टि शर्मा, रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना से सबेरिया मैनेजर संदीप शर्मा, आर के चतुर्वेदी, साहित पूरा एसईसीएल सोहागपुर एरिया के अलावा वरिष्ठ पत्रकार सनद शर्मा, घनश्याम शर्मा, राजेश सोनी, नेमसाय, सोसायटी कापरेटिव प्रबंधक लैंप्स बल बहरा गिरवा सुभाष द्विवेदी सहित सैकड़ों के संख्या में दुख व्यक्त किया। हमारे क्षेत्र और गांव के लिए इस कमी को पूरा करना कठिन होगा यह गहरा दुख सहन करने की सकती ईश्वर त्रिपाठी परिवार को दे इस संकट के घड़ी में हम सभी साथ हैं आनंद जी के चले जाने से एसईसीएल सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है अंतिम संस्कार गृह ग्राम रामपुर में सुबह 10 बजे होगा।

# तमो मति माताजी के सानिध्य में मनाया गया भगवान महावीर का जन्म





**डिंडोरी।** जिले में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की शिष्या 108 तमो मति माताजी के सानिध्य में सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर का जन्म कल्याणक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गाजे.बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में माता. पिता सबसे आगे चलकर मार्ग प्रशस्त करते हुए दिखाई दिए।जुलूस का शुभारंभ मुनि सुव्रतनाथ जिनालय से हुआए जो बड़े मंदिर और काँच मंदिर से होते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए निकला। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के जयकारों के साथ पूरे नगर में धर्ममय वातावरण बना दिया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में जैन समाज के महिलाए पुरुष और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस आयोजन में भगवान महावीर के माता.पिता के रूप में डॉ० सुनील जैन व रेखा जैन रथ में विराजमान हुए। वहीं सौधर्म इंद्र के रूप में प्रवीण जैन व मीना जैन तथा कुबेर के रूप में कैलाश चंद्र जैन व मीना रानी जैन ने जोड़े के रूप में सहभागिता निभाई।कार्यक्रम में अधिवक्ता सम्यक जैनए सीएए रितेश जैनए पार्षद रितेश जैनए सत्येंद्र जैन सहित सकल जैन समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।इस अवसर पर भगवान महावीर के उपदेशों और उनके द्वारा समाज को दिए गए मार्गदर्शन का भी स्मरण किया गया। भगवान महावीर ने अहिंसाए सत्यए अपरिग्रहए अस्तेय और ब्रह्मचर्य के सिद्धांतों पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने जियो और जीने दो का संदेश देते हुए बताया कि सभी जीवों के प्रति दयाए करुणा और सह.अस्तित्व की भावना ही सच्चा धर्म है।

कार्यक्रम के पश्चात रात्रि में एक नाम भगवान महावीर के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में ऑर्केस्ट्रा के माध्यम से गायकों ने भगवान महावीर के भजनों की मधुर प्रस्तुति दीए जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।इस प्रकार भगवान महावीर के जन्म कल्याणक का पर्व श्रद्धाए भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।



# लकड़ी लेने जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, एक की मौत चालक फरार

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पौड़ीमाल गांव में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10रू30 बजे पंचायत भवन बहेरा टोला से बबूल की लकड़ी लेने जा रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली मुख्य मार्ग से कच्चे रास्ते पर उतरते समय अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई।हादसे में ट्रैक्टर पर सवार हर्रा टोला निवासी शिव कुमार हनुमंत लगभग 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन पलटने के दौरान वे ट्रॉली के नीचे दब गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय डिंडोरी भेज दिया।प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण वाहन का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

# कृषि विज्ञान केंद्र में तिलहन व मोटे अनाज पर किसानों का प्रशिक्षण आयोजित



**डिंडोरी।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि एवं कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों को उन्नत खेती की जानकारी देने हेतु निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केंद्रए डिंडोरी में कृषक भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

तिलहन मिशन एवं ष्एक जिला एक उत्पादष योजना के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण में किसानों को तिलहन एवं मोटे अनाजों के उत्पादनए प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बदलते बाजार परिदृश्य में बेहतर लाभ प्राप्त करने के उपाय और विपणन से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर भी मार्गदर्शन किया गया।कार्यक्रम में जिले के सभी सातों विकासखंडों से आए किसानों ने भाग लिया। वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं तकनीकी सहायकों ने किसानों को कृषि संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा उनकी समस्याओं का समाधान किया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने प्रश्न भी रखे।किसान जोगीराम सरोते ने इस आयोजन के लिए कृषि विभाग का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किए जाने की मांग की।

## ट्रायबल वेल्फेयर टीचर्स एसोसिएशन में बड़ी नियुक्ति राम कुमार गर्ग को मिली अहम जिम्मेदारी

**डिंडौरी।** ट्रायबल वेल्फेयर टीचर्स एसोसिएशन में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्ति की गई है। डिंडौरी जिले एवं विकासखंड के प्रतिनिधिमंडल की अनुशंसा पर प्रांतीय अध्यक्ष डीके सिंगौर द्वारा राम कुमार गर्ग को संभाग जबलपुर के आईटी सेल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।



राम कुमार गर्ग को यह जिम्मेदारी मिलने पर संगठन के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों में खुशी का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर प्रांतीय संगठन मंत्री सुशील नागेश्वर प्रांतीय उपाध्यक्ष मंजुषा शर्मा एवं व्यास नारायण दुबे जिला अध्यक्ष सनत तिवारी कार्यकारी जिला अध्यक्ष आनंद उइके डिंडौरी जिला अध्यक्ष दिलीप मरावी मंडला ब्लॉक अध्यक्ष जीवन मरावी करंजिया विजय भार्वे बजाग जिला उपाध्यक्ष इनायत अली सैयद डिंडौरी सहित फिरोजा बेगम भारती मरावी बी पडवार जोहन सिंह मरावी समेत सैकड़ों शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।नवनियुक्त संभागीय आईटी सेल अध्यक्ष राम कुमार गर्ग ने प्रांतीय अध्यक्ष डीके सिंगौर सहित सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने और शिक्षकों के हित में कार्य करने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास करेंगे।



# घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर प्रशासन की कार्रवाई, 4 सिलेंडर जब्त

**डिंडोरी मेंहदवानी।** घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने और उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा के निर्देश पर छापामार कार्रवाई की गई। सहायक आपूर्ति अधिकारी जयंत असराटी ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मेंहदवानी विकासखंड मुख्यालय स्थित होटलों में जांच की।कार्रवाई के दौरान जायका बिरियानी सेंटरए समीर होटल और मनोहर चाय सेंटर से एक.एक घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गयाए जिनका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। इसके बाद टीम ने ग्राम पंचायत मटियारी में एक सड़क निर्माण कंपनी के अस्थायी शिविर पर भी छापा माराए जहां उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रदत्त गैस सिलेंडर का दुरुपयोग पाया गया। इसे भी मौके पर जब्त कर लिया गया।

इस प्रकार कुल 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस ;प्रदाय एवं वितरण विनियमनद्ध आदेश 2000 के उल्लंघन के मामले में संबंधित होटल संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग के पटवारी सतीश बरकड़ेए ऐश भारद्वाज और हेमराज मावी उपस्थित रहे।

# अप्रैल माह से स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शुभारंभ




**डिंडोरी।** जिले में संचालित आरसेटी के माध्यम से अप्रैल माह में विभिन्न स्वरोजगार उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल 2026 से पंजीयन एवं प्रशिक्षण की प्रक्रिया शुरू होगीए जिसमें राजमिस्त्री ;त्डज्द्धए महिला सिलाई तथा अचार.पापड़ निर्माण से संबंधित प्रशिक्षण शामिल हैं।इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवक.युवतियों एवं महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। राजमिस्त्री प्रशिक्षण के अंतर्गत भवन निर्माण से जुड़ी तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगीए वहीं सिलाई प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को वस्त्र निर्माण एवं सिलाई.कढ़ाई का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा। इसके अलावा अचार.पापड़ निर्माण प्रशिक्षण के जरिए घरेलू उद्योग स्थापित करने के लिए आवश्यक कौशल विकसित किए जाएंगे।

प्रत्येक प्रशिक्षण में लगभग 35 प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा और यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सैद्धांतिक के साथ.साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगाए जिससे वे प्रशिक्षण के बाद स्वयं का रोजगार शुरू कर सकें।इन कार्यक्रमों में 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण स्थल जिला जेल बिल्डिंग के पीछेए अमरकंटक बायपास रोड स्थित आरसेटीए डिंडोरी निर्धारित किया गया है। सभी प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय होंगे।अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी आरसेटी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों ने जिले के पात्र युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

## सड़क पर अतिक्रमण से जाम की समस्याए, हादसे का बढ़ा खतरा



**अमरपुर ;डिंडोरी।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर की मुख्य सड़क इन दिनों अतिक्रमण के कारण गंभीर अव्यवस्था का शिकार हो गई है। सड़क के दोनों किनारों पर बने चैकर्स तक दुकानदारों द्वारा सामान फैलाए जाने से मार्ग संकरा हो गया हैए जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिनभर में कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो जाती हैए जबकि साप्ताहिक हाट बाजार के दिन हालात और भी बदतर हो जाते हैं।स्थिति यह है कि सवारी वाहनों के साथ.साथ भारी वाहनए रेत से भरे डंपर आदि के आवागमन के दौरान छोटे वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है। सबसे अधिक परेशानी एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं को झेलनी पड़ रही हैए जिससे समय पर मरीजों को उपचार मिलना भी प्रभावित हो सकता है।

रानी अवंती बाई तिराहा और नर्मदा मंदिर के पास स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। इसी तिराहे पर पूर्व में एक छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत भी हो चुकी हैए बावजूद इसके प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्राम पंचायत अमरपुर द्वारा अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव पूर्व में प्रशासन को भेजा जा चुका हैए लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई।स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। नागरिकों ने शासन.प्रशासन से तत्काल व्यवस्था सुधारने और अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

# वनांचल की छात्रा का नवोदय विद्यालय में चयन



**अमरपुर।** जनपद शिक्षा केन्द्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत सारंगढ़ शैक्षिक सत्र 2026.27 हेतु नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में वनांचल में स्थित एकीकृत माध्यमिक शाला सारंगढ़ विकासखंड अमरपुर की छात्रा कु० अर्पिता बघेल आत्मजा विमलचन्द्र बघेल ने जवाहर नवोदय प्रवेश प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की उक्त परीक्षा को उत्तीर्ण कर डिंडौरी जिले के धमनगांव में स्थित नवोदय विद्यालय में अपना स्थान सुरक्षित किया। ज्ञात होवे कि सारंगढ़ का विद्यालय सुदूर अंचल सतपुड़ा पर्वत माला के वनों के बीच स्थित हैं। यहां के संस्था प्रमुख मधुदीप उपाध्याय लगातार अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहते हैंए अपने कार्यो से उन्होंने अपनी पहचान संपूर्ण विकासखण्ड अपितु जिले और प्रदेश में बनाई हैं। जिन्हें अनेकों बार विकासखण्ड एवं जिला स्तर तथा राज्य स्तर पर भी सम्मानित किया जा चुका हैं। एकीकृत माध्यमिक शाला सारंगढ़ के विद्यार्थी पूर्व में भी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित होते रहे हैं। एकीकृत माध्यमिक शाला सारंगढ़ में शिक्षा के साथ.साथ सामुदायिक स्वच्छताए व्यक्तिगत स्वच्छताए पौधारोपण अभियानए मां की बगियाए उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम आदि में सराहनीय कार्य किए हैं। यहां की शाला प्रबंधन समिति जिले की सबसे अच्छी समितियों में से एक हैं जिसकी बैठकों में शत प्रतिशत उपस्थिति तथा शालेय कार्यो में सराहनीय भागीदारी रहती हैं। शाला प्रबंधन समिति द्वारा संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति अहार कार्यक्रम ;मध्यान्ह भोजनद्ध सप्ताह के सभी दिनों में स्वादिष्ट एवं मीनू अनुसार भोजन प्रदाय करने के लिए जाना जाता हैं। विद्यालय में मधुदीप उपाध्याय के अलावा नियमित शिक्षक सुमन मरावी प्राथमिक शिक्षक कार्यरत हैं। इनके अतिरिक्त अतिथि शिक्षक रामप्रसाद यादवए भगत मरकामए संतोष कुमार मसराम पदस्थ हैं। जो बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कु० अर्पिता बघेल के चयन में इन सभी का सराहनीय योगदान हैं। कु०अर्पिता के चयन पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एसण के परस्तेए विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक सुवेश किशोर दुबेए विकास खंड अकादमिक समन्वयक देवेंद्र कुमार दीक्षितए रमेश कुमार मूलचंदानीए शेख अमजद मंसूरीए संकुल प्राचार्य अरुण कुमार बट्टेए जन शिक्षक देवेंद्र कुमार साहूए पैतुश कुमार मुरालीए ग्राम पंचायत सरपंच कलिया बाई उईकेए पंच सुखीराम यादवए पतिराम धुर्वेए सुखमत बाई मसरामए उर्मिला आयाम तथा शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अनीता बघेलए श्रीवती बघेलए लीलाराम बघेल आदि सदस्यों ने छात्रा बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।

# अमरपुर अस्पताल में मटेरियल गड़बड़ी के आरोपों के बीच ग्राम सभा का प्रस्ताव कुशराम को लाने की मांग तेज



**अमरपुर डिंडोरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर इन दिनों अव्यवस्थाओं और आरोपों को लेकर चर्चा में है। पुराने डॉक्टर एवं कर्मचारी आवासों को तोड़ने के बाद निकले लाखों रुपये के मटेरियल के उचित पंचनामा और नीलामी न होने पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि खिड़की.दरवाजे खपरे लोहा सहित अन्य सामग्री को पारदर्शी प्रक्रिया के बिना ही गायब कर दिया गयाए जिससे अस्पताल को आर्थिक नुकसान पहुंचा।मामले को लेकर ग्राम पंचायत मुख्यालय अमरपुर में आयोजित ग्राम सभा में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने डॉक्टर मरकाम की कार्यशैली पर असंतोष जताया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पूर्व में सेवाएं दे चुके अनुभवी डॉक्टर कुशराम को समनापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पुनः अमरपुर में पदस्थ करने की मांग की गई। ग्रामीणों का कहना है कि डॉण कुशराम के कार्यकाल में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर थीं और उनके आने से न केवल अमरपुर बल्कि आसपास और पड़ोसी जिलों के मरीजों को भी बेहतर उपचार मिल सकेगा।इसके साथ ही अस्पताल परिसर में हरे.भरे पेड़ों की कटाई का मामला भी सामने आया है। आरोप है कि शीशमए यूकेलिप्टस के साथ.साथ गुलमोहर के पेड़ों को भी बिना स्पष्ट अनुमति के काट दिया गया जिससे पर्यावरणीय नुकसान हुआ है।ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने शासन.प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।

# नमामि सिंह ठाकुर ने कक्षा चौथी में पाया प्रथम स्थान



**डिंडौरी।** जिला मुख्यालय के एक निजी विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा नमामि सिंह ठाकुर पिता दीपू ठाकुर ने कक्षा चौथी की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय ने उन्हें सम्मानित किया। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## अहिंसा के अग्रदूत भगवान महावीर की जयंती शहपुरा नगर में धूमधाम से मनाई गई

**शहपुरा** . जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर और अहिंसा के अग्रदूत भगवान महावीर की जयंती सोमवार को शाहपुरा में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई चैत्र शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष जैन धर्म धर्माबलंबियों के द्वारा प्रत्येक वर्ष भगवान महावीर का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है शहपुरा नगर स्थित जैन मंदिर से भव्य चल समारोह भगवान महावीर की रथ यात्रा बैंड बाजे के साथ प्रातः 9रू00 बजे शहपुरा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई जय महावीर के नारों से नगर गुंजायमान था प्रमुख मार्गो से होता हुआ चल समारोह शहपुरा नगर के प्राचीन पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय पहुंच जहां पर भगवान महावीर का अभिषेक कर विशेष पूजन अर्चन किया गया इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर जैन धर्म अनुयायियों के साथ.साथ नगर के सभी समुदाय के लोग सम्मिलित हुए

# श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई भगवान महावीर स्वामी की जयंती

**हरिभूमि न्यूजअमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित दिगंबर जैन सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र में आज परम पूज्य भगवान महावीर स्वामी की जयंती अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक गरिमा के साथ संपन्न हुई। मंदिर परिसर प्रातःकाल से ही भक्तिमय वातावरण, मंत्रोच्चार और जयघोष से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर भगवान महावीर स्वामी का विशेष अभिषेक, पूजन, अर्चन एवं आरती विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से प्रभु के चरणों में नमन कर आत्मशुद्धि एवं कल्याण की कामना की। संध्याकाल में भक्तांबर विधान एवं भव्य महा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। जयंती के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो ध्वज, गाजे-बाजे एवं धार्मिक प्रतीकों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा के दौरान जैन समाज के लोगों ने धर्म, अहिंसा और सदाचार के जयघोष कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बीच खीर प्रसाद का वितरण किया गया, जिससे सेवा, समरसता और सद्भावना का वातावरण और भी प्रगाढ़ हो उठा। इस पावन अवसर पर भगवान महावीर स्वामी के जीवन संदेशों का भी स्मरण किया गया। उनके उपदेश आज भी मानव जीवन के लिए मार्गदर्शक हैं “अहिंसा परमो धर्मः” के माध्यम से उन्होंने मन, वचन और कर्म से किसी भी जीव को पीड़ा न पहुँचाने की प्रेरणा दी। साथ ही सत्य और अपरिग्रह का पालन करते हुए सीमित संसाधनों में संतोषपूर्ण जीवन जीने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त जीव दया और करुणा का भाव रखते हुए प्रत्येक प्राणी में आत्मा का वास मानकर सभी के प्रति समान दृष्टि रखने की सीख दी। महावीर स्वामी के ये सिद्धांत आज के युग में भी सामाजिक सद्भाव, शांति और नैतिक जीवन के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उनकी जयंती का यह पर्व समाज में धर्म, संयम और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख जनों में वीरेंद्र जैन, ब्रह्मचारी दीपक जैन, सुनील जैन, बाबा देवेंद्र जैन, चिन्नू जैन, राकेश जैन, अनुज जैन, आदित्य जैन, पंकज जैन, दीपचंद जैन, सोनू जैन, मोनू जैन, गौरव जैन, सुशील जैन, निखिल जैन, वरुण जैन, अतिशय जैन, निलेश जैन, महेश जैन, अजय जैन, आरव जैन (करंजिया), दया जैन, संभव जैन, प्रकाश कावड़े (प्रबंधक, जैन मंदिर), समीर मानिकपुरी, नंदू परस्ते, हिमांशु सोनवानी, सागर सोनवानी, राजेंद्र सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

